## एक नजर में

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** फरियादी फूलसिंह पिता हिंदू सिंह गुर्जर निवासी ग्राम भीलखेड़ी ने थाना पीपलरावां आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी मेहरबान सिंह पिता थावर जी गुर्जर निवासी भीलखेड़ी ने फरियादी पर उसकी स्वयं की लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से जानलेवा हमला किया। हमले में चलाई गई गोली फरियादी को न लगकर ग्राम भीलखेड़ी के ही निवासी विश्राम पिता देवी सिंह गुर्जर तथा हुकुम सिंह गुर्जर को लगी। घायलों को प्राथमिक उपचार उपरांत तत्काल देवास रेफर किया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध गौतम ने अपराध दर्ज कर दिनांक 8 सितम्बर को आरोपी मेहरबान सिंह को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 12 बोर बंदूक जप्त की जाकर प्रकरण में धारा 30 आयुध अधिनियम का भी इजाफा किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में उनि कपिल नरवले,राकेश चौहान,विजेंद्र सोलंकी,प्रआर सौदान चौहान,आर चेतन ठाकुर,महेंद्र जलोदिया की सराहनीय भूमिका रही।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि एकत्रित की



**कन्नौद।** पंजाब में भीषण बारिश वि आई बाढ़ से किसानों की फ़सल नुकसानी व आमजन का जनजीवन प्रभावित हुआ और भारी नुक़सान हुआ को लेकर मध्य प्रदेश के देवास जिले की कन्नौद तहसील के एक छोटे से गाँव चपलासा में ग्रामीणों द्वारा पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए धनराशि एकत्रित की जा रही है। अभी तक 42,200 का कलेक्शन हो चुका है। गांव के लोग एकजुट होकर दिल से सहयोग कर रहे हैं द्य ताकि पंजाब के भाइयों और बहनों को इस कठिन समय में सहारा मिल सके। उन्होंने सभी लोगो से अपील की हे कि आप भी आगे बढ़ें, मानवता की इस मुहिम में अपना योगदान दे।

### बिजली विभाग ने की कार्रवाई



**सोनकच्छ।** ग्राम पोलाय जागीर एफओसी के अंतर्गत ग्राम डकाच्या में बार-बार जलने वाले ट्रांसफॉर्मर का भौतिक निरीक्षण कार्यपालन यंत्री अंकुर गोयल के मार्गदर्शन में कनिष्ठ यंत्री मंसूर अली, कनिष्ठ यंत्री जितेंद्र सावनेर, कनिष्ठ यंत्री वंदना चौहान, लखन चौहान व स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। जिसमें ट्रांसफार्मर के बार बार जलने का कारण एलटी केबल का चिपकना व कुछ उपभोक्ताओं द्वारा हीटरों का उपयोग करना पाया गया। जिस पर टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं के घरों से 33 नंबर हीटर व इंडक्शन जब्त किए गए। 10 उपभोक्ताओं के मौके पर पंचनामे बनाये गए। हीटरों को मोके पर ही नष्ट किया गया व उपभोक्ताओं को समझाइश दी गई आगे से हीटर का उपयोग ना करते हुए खाना बनाने हेतु अन्य साधन का उपयोग करें।


### आनंद मार्ग प्रचारक संघ मनाया कौशिकी नृत्य दिवस

**देवास।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ देवास के सेवा धर्म मिशन के भुक्ति प्रधान हेमेन्द्र निगम काकू ने बताया कि 06 सितम्बर शनिवार 2025 को क्षिप्रा आश्रम में अन्तर्राष्ट्रीय कौशिकी दिवस मनाया। संघ के सचिव आचार्य शांतवृतानंद अवधूत ने बताया कि आनंद मार्ग प्रचारक संघ के प्रवर्तक श्री श्री आनंदमूर्ति द्वारा इस आध्यात्मिक नृत्य का अविष्कार दिनांक 06 सितम्बर 1978 को पटना बिहार में किया था। यह मन की सभी परतों जिन्हे कोष कहा जाता है, को विकसित करने, उनकी जीवन शक्ति बढ़ाने और आत्मा के प्रकाश को अधिक सहजता से प्रकाशित करने का एक समग्र अभ्यास है।जो एक आध्यात्मिक नृत्य भी है। इस नृत्य को करने में ताड़ासन, अर्धचक्रासन, हस्तोतानासन अर्धकटियासन,पादहस्तासन जैसे योग आसन के लाभ अपने आप है, यह मांसपेशियों स्नायुबंधन को लचीला, कमर के आस पास की चर्बी को कम करता है, महिलाओं के मासिक धर्म को नियमित करना, मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बढ़ाने सहित शरीर की 22 बीमारियों को भी नियंत्रित करता है।

### यादव का जिला महामंत्री बनने पर किया स्वागत

**देवास।** देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव को भाजपा द्वारा पुनः जिला महामंत्री मनोनीत करने पर अ भा यादव महासभा देवास द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व अ भा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष वर्तमान में प्रदेश महासचिव डॉ जे एस यादव, राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव, पर्वत सिंह यादव, राजकिशोर यादव पूर्व शहर अध्यक्ष, नरेंद्र यादव लल्ला भैया, मनोहर सिंह यादव,रमेश चंद्र यादव, दयाशंकर यादव, मानसिंह यादव, विशाल यादव, जगदीश यादव, भूरू सिंह यादव एडव्होकेट, महेंद्र यादव, नवीन यादव, डॉ सुरेंद्र यादव, अशोक यादव, जितेंद्र यादव सी ए, पुरुषोत्तम यादव,कृष्णपाल यादव,गोपाल सिंह यादव, बंटी यादव आदि लोगों द्वारा मुंह मीठा कर भव्य स्वागत किया गया।

### मिर्जा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव नियुक्त



**देवास।** जीतु पटवारी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अलपसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगडी के आदेश से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष शेख अलीम ने पिंटू जोशी की सहमति से मो. नवाब मिर्जा को म.प्र. कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव मनोनीत किया। इनकी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, विधायक भोपाल आरिफ मसूद, सज्जन सिंह वर्मा, मनीष चौधरी, प्रयास गौतम, मनोज राजानी, शौकत हुसैन, रेखा वर्मा, एजाज नीलम, गुरुचरण सलूजा, भगवान सिंह चावड़ा, कल्लु भाई राष्ट्रीय, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग अबरार गांधी, शहर अध्यक्ष गोलू हाजी,जितेंद्र सिंह मोंटू, अस्सु भाई, हिम्मत सिंह चावड़ा, दिग्विजय झाला, रितेश त्रिपाठी, आबिद खान, इम्तियाज अहमद सिद्दीकी, नईम अहमद, अब्दुल मलिक,एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

## टेकरी इस प्रकार व्यवस्था करें की सुगमता से दर्शन हो : कलेक्टर





**पार्किंग, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, विद्युत, साफ-सफाई के संबंध में दिए निर्देश**

**देवास।** जिले में शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व पर माताजी की टेकरी पर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियों को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने माताजी टेकरी का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्राफिक एचएन बाथम, एसडीएम आनंद मालवीय, सीएसपी, नगर निगम उपायुक्त, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निगम, वन विभाग, यातायात, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि माताजी टेकरी इस प्रकार की व्यवस्था करें कि श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि बड़ी माता और छोटी माता मंदिर परिसर में दर्शन के लिए अच्छे से प्रबंधन करें। इस दौरान उन्होंने विगत वर्षो में किस प्रकार की व्यवस्था की जाती रही है, इसकी जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने नवरात्र के दौरान सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग पर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग पर अस्थाई दुकान नहीं लगने दें। अस्थाई दुकानों के लिए केबल कार परिसर में अलग से जगह देकर अस्थाई दुकानें लगाए। नवरात्र के दौरान सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग क्लियर रहना चाहिए। माताजी टेकरी पर लग रही स्थाई लाईट का निरीक्षण किया तथा शीघ्र कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बारिश की संभावना को देखते हुए अभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसी का करंट नही लगें, इसलिए पोल को 8 फ़ीट तक इन्सुलेट करें। उन्होंने कन्ट्रोल का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि कोई भी महत्वपूर्ण पॉइंट छूटना नही चाहिये। अभी कंट्रोल रूम में दो टीवी लगे है, जिसपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कंट्रोल रूम में चार टीवी लगाये। जिससे सभी कैमरे कवर हो जायेगे। उन्होंने नवरात्र पर भीड़ प्रबंधन के लिए रसूलपुर चौराहे पर भी वाईफाई कैमरे लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने शंख द्वार के पास निर्माणाधीन सत्संग हाल का निरीक्षण भी किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### सरकार के निर्देशों की अनदेखी

माताजी टेकरी पर वाटर प्रूफ टेंट भी लगाए। उन्होंने कहा कि जहां पत्थर गिरने की सम्भवना रहती है, वहां आवश्यक कार्यवाही करें। माताजी टेकरी पर रैलिंग को दुरूस्त कर लें। जहां शेड की शीट टूट गई उन स्थानों पर नई शीट लगाये। कलेक्टर श्री सिंह ने पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर नगर निगम को पार्किंग स्थल पर चार अस्थाई शौचालय दो पुरुष और दो महिलाओं के लिए बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थल पर पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये।

## महापौर ने किया मां क्षिप्रा का पूजन



**देवास।** मॉ शिप्रा नदी में हाल ही मे आए वर्षाकाल मे पर्याप्त जल आने पर नगर निगम महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने 8 सितम्बर सोमवार को विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर की गई। महापौर ने बताया कि शिप्रा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और पहचान का प्रतीक है। नदी में जल का प्रवाह फिर से देखकर मन में श्रद्धा और संतोष की भावना जागृत होती है। यह हमारे पर्यावरणीय प्रयासों और जनभागीदारी का परिणाम है, उन्होंने कहा कि पूजा-अर्चना के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से और भी भक्तिमय बना दिया। अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, ग्राम क्षिप्रा सरपंच विश्वास उपाध्याय, निगम स्वास्थ्य विभाग समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राजा अकोदिया, राहूल दायमा,महेश फुलेरी, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव, अजय पडियार, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, भाजपा नेता रघु भदौरिया, विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल, दुर्गेश चिल्लेरिया, निगम उपायुक्त आरती खेडेकर, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, दिनेश चौहान, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार आदि उपस्थित रहे और शिप्रा मैया के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा घाटों की साफ-सफाई, जल संरक्षण उपायों और वर्षा जल संचयन जैसी पहलों के चलते नदी में पानी की आवक संभव हुई है। महापौर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे नदी की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस पुनः जागृत जलधारा को नगर के लिए शुभ संकेत मानते हुए महापौर ने भविष्य में और भी जल-संरक्षण अभियानों को तेजी से आगे बढ़ाने की बात कही।

## पूर्व सांसद नंदकुमार चौहान की जयंती मनाई



**उदयनगर।** ग्राम पंचायत उदयनगर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष खंडवा के पूर्व सांसद , निमाड़ के प्रसिद्ध नेता नंदकुमार सिंह चौहान की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर,राजाराम मौर्य ,जगराम देवड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल,सरपंच विजेंद्र सिंह दांगी,दिनेश चौहान ,राजेंद्र अरोड़ा, जीवन प्रजापत, मुकेश भूसहरिया , तुलसीराम काजलिया , मनोज श्रीवास ,मनोज सूर्यवंशी , कोषाध्यक्ष आनंद जैन , नितेश माहेश्वरी, बालू भाई , भीमसिंह भाई,मांगू भाई ,दिनेश रावत, नितिन सोनी, लक्ष्मण कामले ,उपस्थित रहे ।

## विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी के साथ मारपीट, केस दर्ज

**सोनकच्छ।** फरियादी ओंकारसिंह पिता बनेसिंह चावड़ा ने उसके साथी स्टाफ राजेश परमार, ईश्वरसिंह कुशवाह, बलवानसिंह, शुभम खेलवाल के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उक्त पते पर रहता है तथा प्राईम 1 कम्पनी में काम करता है और कम्पनी की ओर से आउट सोर्स कर्मचारी के रूप मे एमपीईबी सोनकच्छ में कार्यरत है। सोमवार को उसे कम्पनी के कार्यपालन यंत्री की ओर से ग्राम गंधर्वपुरी में विद्युत बिल कि बकाया राशि उगाही करने के लिये कम्पनी के अन्य कर्मचारीयो राजेश परमार, ईश्वर कुशवाह, बलवान कुम्भकार, शुभम व ड्रायवर नरेन्द्र को भेजा गया था। जब वह गंधर्वपुरी पहुंचे। वहा फिरोज पिता सरदार पटेल के घर बिल उगाही के लिये राजेश परमार ने जाकर सम्पर्क किया। फिरोज पिता सरदार पटेल का मीटर क्रमांक 3591001395 पर 12178 रुपये बकाया व मीटर क्र. 3591011001 पर 29870 रुपये व पंचनामा क्र. 218845 की राशि 15712 बकाया थे तो अमन पिता फिरोज पटेल आया और राजेश परमार से बातचीत कर रहा था जिसमे बिल भुगतान करने के लिये अमन को कहा गया तभी अमन राजेश परमार को गाली गलोच करने लगा तब उसने गालियां देने से मना किया तो मारने के लिये पत्थर उठा लिया वह यही बड़ा वीडीयो बना रहा था तभी अमन ने वहा से हटकर एक लोहे का पाईप पानी की टंकी के पास से उठाया और फरियादी को दाहिने हाथ में मारा और उसका मोबाईल हाथ से छुट गया और जमीन पर गिर कर टूट गया फिर उसके दो भाई अरसद पटेल व अयान पटेल घर मे से निकल कर आये और उसे अरसद ने लोहे के पाईप से व अयान ने लकड़ी के डंडे से मारपीट की बीचबचाव राजेश परमार, ईश्वरसिंह, बलवान, शुभम खेलवाल ने किया फिर तीनो भाई बोले कि आज के बाद यहा बिल के पैसे मांगने आये तो जान से खत्म कर देगें। फिर वह उक्त स्टॉफ के साथ थाने पर रिपोर्ट करने आया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच में लिया।

## दिव्यांग एकता कल्याण मंच की प्रादेशिक बैठक

**जियो तो ऐसे जियो पुस्तक का हुआ विमोचन**



**देवास।** शिक्षक दिवस के अवसर पर देवास की मंडी धर्मशाला में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे दिव्यांग जनों के हितार्थ जानकारी व जिला कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी का पुनः गठन किया गया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष आर जी सोनी, प्रदेश सचिव अरविंद बाथव, चन्दा चौहान, समाजसेवी सुरेश सिंह चौहान फौजी, निशा यादव रहे। मंच संचालन जिलाध्यक्ष पंकज सिंह राणा ने किया। जिसमें शिक्षक, साहित्यकार और प्रेरक वक्ता चतरसिंह गेहलोत की नई पुस्तक जियो तो ऐसे जियो का विमोचन किया गया। बैठक में दीपक पोरवाल, सत्यनारायण मौर्य, सुनीता सोलंकी, राकेश सिंह राणावत, शिवा बैरागी, पंकज मालवीय, नव नियुक्ति जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमावत उपस्थित रहे। पुस्तक जियो तो ऐसे जियो जीवन मूल्यों, सकारात्मक सोच और संघर्षों के बीच मुस्कुराकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। विमोचन समारोह में मौजूद लोगों ने इसे समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी बताते हुए अधिक से अधिक पढ़ने और दूसरों को पढ़ाने का संकल्प लिया।

## पूर्णिमा पर कबीर पंथ स्थापना दिवस मनाया

**भजन और सत्संग का हुआ आयोजन**



**देवास।** सदगुरु कबीर साहब के परम् शिष्य धनी धर्मदास साहब को विक्रम संवत 1540 भादों पूर्णिमा को आशीर्वाद प्रदान कर गुरुवाई दी थी ,इस उपलक्ष्य में कबीर पंथ स्थापना दिवस के रूप में देवास जिले में महंत सतीश दास जी साहेब के निवास स्थल पर सैकड़ों भक्तों ने मिलकर भादों पूर्णिमा के अवसर पर भजन सत्संग प्रवचन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सीहोर जिले से भी महंत लक्ष्मी दास साहेब का भी आगमन हुआ संतों का भी आगमन हुआ और भक्तों ने कबीर पंथ स्थापना दिवस आत्मीयता के रूप में मनाया।

इस मौके पर प्रसिद्ध भजन गायक बद्रीलाल मालवीय एवं सुमित्रा देवी द्वारा कबीर साहेब के भजनों की सुंदर प्रस्तुति पेश की गई,उनके साथ दिलीप साहेब, धन्नालाल साहेब,गुणावद साहेब, सहित कई नामी-गिरामी कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी, संगतकार के रूप में गब्बर पंचलानिया, मांगीलाल साहेब, ने संगत की, इस मौके पर सिहोर,शाजापुर,सोनकच्छ, देवास ,बालक दास साहेब सहित कबीर पंथ के अनुयायी उपस्थित रहे । जिन्होंने सत्संग भजन व भंडारे का लाभ लिया ।

## ईद मिलादुन्नबी पर बच्चों के बीच खुशियाँ बाँटी



**देवास।** ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर कर्मयोग टीम द्वारा सेवा कार्य आयोजित किया गया। संस्था के वसीम शेख ने बताया कि इस दौरान देवास के एबी रोड और बायपास पर खुले में रहने वाले बच्चों को कपड़े, बिस्किट, चॉकलेट, कुरकुरे और अन्य तोहफे वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य नबी-ए-करीम की शिक्षाओं पर अमल करते हुए इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश फैलाना था। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ही इस पहल की असली सफलता रही। कर्मयोग टीम समय-समय पर समाजसेवी और सेवा कार्य करती रही है तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर शकील कादरी, परवेज खान, मोहम्मद शेख, रेहान शेख, फैजान हुसैन , वसीम शेख, जावेद शेख, समीर अली, फिरोज खान, अली शेख मौजूद रहें।

## देवास के छात्रों ने राज्य स्तरीय युद्धा कराटे चैम्पियनशिप लोहा मनवाया



**देवास।** रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय युद्धा कराटे चैम्पियनशिप में देवास के किंडर हायर सेकेंडरी स्कूल के 7 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अक्षय चौधरी और हर्ष मालवीय ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया, जबकि चिरायु मोदी, उज्वल खोलकर और प्रिंस मालवीय ने रजत पदक हासिल किए। इसके अलावा वंश वर्मा और युवराज सोलंकी ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्कूल परिवार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। छात्रों के इस प्रदर्शन से देवास के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और बढ़ेगा, और यह प्रदर्शन जिले के लिए गर्व का विषय है।

किंडर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों की इस सफलता से यह स्पष्ट होता है कि स्कूल का खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा ।

**एक नजर** गीता पाठ के साथ हुआ भंडारा

## कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है, इसलिए सत्कर्म करें : स्वामी रामनारायण जी



**देवास।** मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा श्री रामद्वारा में चातुर्मास सत्संग गीता पाठ के दौरान स्वामी रामनारायण जी का समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में शाल, श्रीफल, पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। स्वामी रामनारायण जी ने चातुर्मास सत्संग के दौरान गीता पाठ में विचार प्रकट करते हुए कहा कि गीता मानव को कर्मशील बनाती है। संसार में व्यक्ति को कर्म करना ही पड़ता है। निष्काम भाव से कर्म करें, उसका फल निश्चित रूप से मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। इसलिए हमेशा सत्कर्म करें। ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा ही व्यक्ति को निष्काम कर्म के मार्ग पर ले जाती है। जब भी व्यक्ति को अपने मन में संशय हो उसे गीता का पाठ करना चाहिए, उसे निश्चित रूप से रास्ता मिल जाता है। मां चामुंडा सेवा समिति के नारायण व्यास, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेदसिंह राठौड़, दिनेश सांवलिया, इंदरसिंह गौड़, अभिषेक सतीश सोनी, महेश सोनी, प्रो. सीमा सोनी, अभिषेक अवस्थी, राधेश्याम बोडाना, मातृशक्ति मंजू जलोदिया, दुर्गा व्यास, प्रेमलता चौहान, सुधा सोलंकी आदि ने स्वामी जी का स्वागत किया। संचालन रामेश्वर जलोदिया ने किया। आभार महेश सोनी ने माना।

कथा के समापन पर भंडारे किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर कैम्प का आयोजन



**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में राष्ट्रीय वृद्ध जन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर स्वास्थ्य पर परीक्षण ,उपचार ,परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।शिविर में आए वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा किया गया तथा मरीजों की फिजियोथैरेपी थैरेपिस्ट ज्योति चौहान के द्वारा की गई। डॉ मीणा ने बताया कि प्रतिवर्ष 8 सितंबर को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कर उचित परामर्श दिया जाता है। शिविर में 35 वृद्ध जनों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। 12 वृद्ध जनों की आभा आईडी बनाई गई व 10 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में बीईई दिनेश साहू ,बीपीएम प्रदीप पवार बीसीएम विनोद भंवर, लैब टेक्नीशियन श्री राम चौहान एवं अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।